RNI NO Title Code-UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

# नवयुग समाचार

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण


वर्ष-3 अंक-275
बहराइच,बुधवार
06 नवंबर 2024
पृष्ठ-4 मूल्य 2.00

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, म.प्र., बिहार में प्रसारित

## नहाए खाय से छठ पर्व का हुआ आगाज, जानें क्यों होती है कद्दू भात से पर्व की शुरूआत

**नई दिल्ली**

नहाए खाए से आज मंगलवार की सुबह छठ पर्व की शुरूआत हो गई है। छठ पर्व की शुरूआत कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि से हो जाती है। इसके साथ ही सूर्य देव और छठी मैया की पूजा की जाती है। इस पर्व को मुख्य रूप से महिलाएं अपनी संतान की सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य की कामना के लिए मनाती हैं। इस वर्ष, छठ पूजा का पहला दिन ह्यनहाय खायह्ण है, जो इस पर्व को मनाने वालों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



नहाय खाय के दिन, मंगलवार सुबह 6:39 बजे सूर्योदय और शाम 5:41 बजे सूर्यास्त होगा। इस दिन व्रति महिलाएं गंगा नदी में स्नान-ध्यान के बाद सूर्य देव की आराधना करती हैं। इसके बाद घर में कद्दू और चने की दाल से भोजन तैयार किया जाता है। नहाय खाय का अर्थ है स्नान के बाद भोजन करना। इस दिन व्रत रखने वाली महिलाएं नदी या तालाब में स्नान करती हैं और फिर भात, चना दाल और कद्दू या लौकी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करती हैं। यह भोजन साधक में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और व्रति को पवित्रता की ओर अग्रसर करता है।

### कद्दू का है विशेष महत्व

इस दिन कद्दू भात का सेवन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि इस व्रत की शुरूआत कद्दू भात के बिना नहीं हो सकती। इस अवसर पर लहसुन और प्याज के बिना कद्दू, लौकी की सब्जी और चना दाल के साथ चावल बनाने का विधान है। कद्दू, लौकी और चने की दाल का सेवन व्रति के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होता है।

### छठ पूजा का महत्व

छठ पूजा, जिसे डाला छठ के नाम से भी जाना जाता है, एक चार दिवसीय त्योहार है जो मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है, लेकिन अब यह पर्व देश और विदेश में भी बड़े धूमधाम से मनाया जाने लगा है। छठ पूजा के अवसर पर घाटों पर विशेष चहल-पहल होती है, और भक्त अपने प्रियजनों की समृद्धि, सुख और दीघार्यु के लिए प्रार्थना करते हैं। इस साल छठ पूजा की शुरूआत आज, यानी नहाय खाय से हो चुकी है।

इसके बाद, 6 नवंबर को खरना, 7 नवंबर को सायंकालीन अर्घ्यदान और 8 नवंबर को प्रातःकालीन अर्घ्य के बाद पारण होगा। इसी के साथ इस महापर्व का समापन भी होगा। यह पर्व न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक एकता और परिवार के साथ बिताए गए समय का भी प्रतीक है।

## जनता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए विपक्ष को सबक सिखाए

### पीएम मोदी झारखंड में चुनावी रैली में महागठबंधन पर साधा निशाना

**गढ़वा,**

पीएम नरेंद्र मोदी ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर गढ़वा में चुनावी रैली को संबोधित किया। चुनावी मंच से पीएम मोदी ने महागठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने झारखंड के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी और अब जनता को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए विपक्ष को सबक सिखाना होगा।

रैली में पीएम मोदी ने महागठबंधन को लेकर कहा कि कुछ लोग कहते थे कि झारखंड हमारी छाती पर बनेगा लेकिन यह सच है कि बीजेपी ने झारखंड के लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान किया और एक अलग राज्य का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में विपक्ष की होना विदाई तय है और जनता को यह सोचकर वोट देना चाहिए कि झामुमो-कांग्रेस सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है।

पीएम मोदी ने झारखंड बीजेपी के हाल ही में जारी संकल्प पत्र की तारीफ की, जिसे उन्होंने रोटी-बेटी-माटी के सम्मान के लिए




समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि की गारंटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। उन्होंने यह भी बताया कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में तीन करोड़ नए घर बनाने की गारंटी दी थी और अब झारखंड में 21 लाख नए घरों के निर्माण का संकल्प लिया है।

पीएम मोदी ने झारखंड के युवाओं को लेकर कहा कि झारखंड के नौजवानों में टैलेंट की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे और बेटियां खेल मैदान में झारखंड का जज्बा दिखाते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि जेएमएम-कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है। इन लोगों ने बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन पूरा नहीं किया। भर्तियों में धांधली और पेपर लीक का उद्योग बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार बनने पर करीब तीन लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा, जिससे युवाओं को नए अवसर मिल सकें।

रैली में पीएम मोदी ने झारखंड की जनता को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस समय छठ का उत्साह हर तरफ है। मैं छठी मैया की उपासना करने वालों को शुभकामनाएं देता हूं। पीएम मोदी ने जोर दिया कि आने वाले 25 साल देश और झारखंड के लिए बहुत अहम हैं। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है, रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में बीजेपी-एनडीए की सरकार।

## राहुल गांधी बाय रोड रायबरेली पहुंचे रास्ते में हनुमान मंदिर में की पूजा



**लखनऊ**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद और राहुल गांधी का मंगलवार को लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। यहां उन्होंने कार्यकताओं से चलते चलते मुलाकात की। इसके बाद वह रायबरेली के लिए रवाना हो गए। लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरने के बाद राहुल गांधी सड़क मार्ग से रायबरेली तक का रास्ता तय किया। इस बीच वह चुरुवा हनुमान मंदिर में पूजा करने के लिए रुके। रायबरेली पहुंचने के बाद राहुल गांधी दिशा की बैठक में शामिल हुए।

लोकसभा चुनाव के बाद राहुल का अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में तीसरा और यूपी का 5वां दौरा है। पार्टी कार्यकताओं ने राहुल गांधी को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। इसके बाद उनका काफिला सीधे डिग्री कॉलेज पहुंचा। यहां उन्होंने कलाकृतियों का लोकार्पण किया फिर दिशा की मीटिंग में शामिल होने पहुंचे। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू का कहना है कि राहुल गांधी के दौरे से यूपी कांग्रेस में नई ऊर्जा आएगी। चुनाव में पार्टी के कार्यकताओं का हौसला बढ़ेगा। इसके पहले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी एक जागरूक और जिम्मेदार नेता हैं। वह रायबरेली संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों की स्थिति जानने के लिए दिशा की बैठक में हिस्सा लेने यहां आए हैं। बैठक के बाद राहुल गांधी वापस दिल्ली रवाना हो गए।

## विधानसभा में आर्टिकल 370 हटाए जाने का विरोध

**नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को भारी हंगामा हुआ। विधानसभा शुरू होते ही पीडीपी विधायक वहीद पारा ने एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें अनुच्छेद 370 हटाए जाने का विरोध किया गया। साथ ही जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा फिर से बहाल करने की मांग की गई। विधानसभा में पेश इस प्रस्ताव के विरोध में भाजपा के विधायकों ने हंगामा किया।

पीडीपी विधायक वहीद पारा का कहना था कि जम्मू-कश्मीर को फिर से विशेष दर्जा मिलना चाहिए और आर्टिकल 370 की बहाली होनी चाहिए। फिलहाल जम्मू-कश्मीर एक केंद्र शासित प्रदेश है, जहां दिल्ली की तरह ही विधानसभा है। पुलवामा विधायक के इस प्रस्ताव के खिलाफ भाजपा के सभी 28 विधायक सीटों पर खड़े हो गए और तीखा विरोध किया।

### बीजेपी ने की वहीद पारा के निलंबन की मांग

भाजपा विधायक शाम लाल शर्मा ने तो वहीद पारा को निलंबित करने की मांग की, और कहा कि वहीद ने इस तरह का प्रस्ताव लाकर सदन के नियमों का उल्लंघन किया है। इस दौरान स्पीकर अब्दुल रहीम राथर बार-बार अपील करते रहे कि सभी विधायक अपनी सीटों पर बैठ जाएं, लेकिन किसी ने उनकी एक नहीं सुनी। स्पीकर ने कहा कि अभी यह प्रस्ताव मेरे पास नहीं आया है। इसे पढ़ने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। भाजपा के विधायक लगातार हंगामा करते रहे तो नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक भी वेल में आ गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने आर्टिकल 370 को हटाने का फैसले 5 अगस्त 2019 में किया था। इसी दिन संसद में राज्य के पुनर्गठन का प्रस्ताव भी आया था और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मिला था। वहीं लद्दाख को अलग कर दिया गया था। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और सात बार के विधायक अब्दुल रहीम राथर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं।

## देश की आर्थिक स्थिति बहुत खराब, पीएम मोदी जनता को बरगला रहे: खड़गे

**नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर हमला बोला उन्होंने कहा कि इस सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को हर स्तर पर गिरा दिया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आंकड़ों में फजीवाड़ा कर देश की जनता को बरगला रहे हैं, जबकि वास्तविकता में आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है।

खड़गे ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी जी, नकली आख्यान वास्तविक कल्याण का विकल्प नहीं हो सकते हैं। आम लोगों का पैसा लूटकर आपने जो आर्थिक उथल-पुथल पैदा की है, उससे त्यौहारी खुशियां भी कम हुई हैं।

## मुस्लिम बहनें भी बिना डर के घूमें, अगर कोई भी गुंडागर्दी करे तो ठोक दो: गडकरी

**नागपुर**

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुस्लिम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को भी बिना किसी डर के बाहर निकलना चाहिए और यदि कोई गुंडागर्दी करता है तो उसे सख्ती से निपटने की जरूरत है। गडकरी ने यह टिप्पणी नागपुर के ताज बाग में गुंडागर्दी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान की।

गडकरी ने कहा कि हमने नागपुर में इतनी मजबूत सड़कें बनाई हैं कि अब एक भी गड्ढा नहीं मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मैंने ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि अगर सड़क पर गड्ढे मिले तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। गडकरी का यह बयान ऐसे समय आया है जब वह कांग्रेस पर हमलावर थे और उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 सालों में जनता के लिए कुछ नहीं किया और हमेशा जातिवाद की राजनीति की है। गडकरी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने मुसलमानों की चिकित्सा जरूरतों का ध्यान रखा है और उन्होंने यह नहीं पूछा कि किसी की जाति क्या है।

हमने ताज बाग का सौंदर्यीकरण किया है और गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए डिप्टी कमिश्नर से बात की है। उन्होंने आगे कहा कि मुस्लिम बहनें रात को ताज बाग के रास्ते पर सुरक्षा के साथ घूम सकती हैं। यदि कोई गुंडा उन्हें परेशान करे तो उसे ठोक दो और अगर कोई कुछ कहे तो मेरा नाम बताओ, मैं चिंता नहीं करूंगा। मेरी मां-बहनों की इज्जत सुरक्षित रहनी चाहिए। गडकरी के इस बयान ने महिलाओं की सुरक्षा और राजनीतिक विमर्श में एक नई चर्चा छेड़ दी है, जिसमें वह एक मजबूत संदेश देते हुए नजर आ रहे हैं कि हर किसी को अपनी सुरक्षा के लिए खड़ा होना चाहिए।






## मिशन शक्ति अभियान के तहत बहराइच पुलिस द्वारा चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान



नवयुग समाचार

बहराइच

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं/बेटियों को स्वावलम्बी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है ।

इसी क्रम में जनपद की समस्त एंटी रोमियों टीमों द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलम्बन के प्रति पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में जनपद बहराइच के समस्त थानों द्वारा बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरुक करने के उद्देश्य से बैंकों, मन्दिरों, बाजारों, प्रमुख मार्गो में जन-जागरुकता एवं प्रचार-प्रसार के अंतर्गत महिला अपराध संबंधी कानून, महिलाओं एवं बच्चों की मानव तस्करी के बारे में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया । शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बीट/गांव आदि प्रमुख स्थानों पर जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक करते हुए उनकी शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये। इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्पलाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया

## जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुक्रम में देवेन्द प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह व सारिका सिंह के मकान को किया गया कुर्क



बहराइच

आज दिनांक 05.11.2024 को जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी के दिनांक 21.10.2024 के आदेश के अनुक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय की उपस्थिति में मु0अ0सं0 125/22 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत देवेन्द प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह पुत्र स्वर्गीय रामफल सिंह निवासी मोहनपुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच व उनकी पत्नी सारिका सिंह का मोहल्ला रायपुर राजा, केडिया अस्पताल, जेल रोड, थाना कोतवाली देहात स्थित मकान को कुर्क किया गया है ।जो देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह द्वारा की गयी आपराधिक कृत्यों से अर्जित अचल सम्पत्ति थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,46,81,269/- रुपये है । मौके पर तहसीलदार सदर, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात परमानन्द तिवारी, अपराध निरीक्षक आलोक सिंह तथा अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद थे ।

# सुशासन से छत्तीसगढ़ ने पकड़ी विकास की रफ्तार

–पंकज गुप्ता–

इस राज्योत्सव पर छत्तीसगढ़ 24 वर्ष का हो गया। युवा छत्तीसगढ़ पिछले 10 महीने के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार में तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर हो चला है। सड़कों, रेल लाइनों समेत अधोसंरचना के क्षेत्र में राज्य ने बीते 24 वर्षों में निरंतर प्रगति की है। रायपुर एयरपोर्ट देश के तमाम बड़े शहरों से जुड़ गया है। जगदलपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर में हवाई सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। बस्तर और सरगुजा के आदिवासी बहुल क्षेत्रों तक सड़कों का जाल बिछ चुका है।

राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन का देश के आधुनिकतम रेलवे स्टेशनों में शुमार होने लगा है। गांव-गांव तक बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा चुकी हैं। राजधानी रायपुर शिक्षा का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। बस्तर में एनएमडीसी का स्टील प्लांट प्रारंभ हो चुका है। राज्य की कला, संस्कृति, वनोपज, हस्तशिल्प आदि की अंतरराष्ट्रीय पहचान बन चुकी है।

आज से 24 साल पहले जब राज्य बना था, तब से लेकर साल भर पहले तक नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की बड़ी समस्या थी। विष्णु देव साय की सरकार की कुशल रणनीति और प्रभावी कार्रवाई के चलते अब राज्य में नक्सल समस्या समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही विष्णु सरकार ने जनहित में फैसले लेने और उसे अमल में लाने को लेकर एक्शन में आ गई थी। सरकार गठन के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप 18, 12, 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। राज्य के 13 लाख किसानों को दो साल के धान का बकाया बोनस पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस, सुशासन दिवस के अवसर 25 दिसंबर 2023 को 3176 करोड़ रुपये जारी किया। मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से 3100 रुपये के दाम पर धान की खरीदी की। 25 लाख 75 हजार किसानों को धान का समर्थन मूल्य 32 हजार करोड़ रुपया तत्काल जारी किया और 12 जनवरी 2024 को 13, 320 करोड़ रुपये की अंतर राशि का भुगतान भी कर दिया। खरीफ वर्ष 2023-24 में किसानों से रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी विष्णु देव साय की सरकार ने की। राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये की गई है। 12 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को इसका लाभ मिल रहा है। संग्राहकों को चरण पादुका वितरित करने की योजना भी लागू होने जा रही है। विष्णु सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अंत्योदय के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रखा है। प्रशासन में पारदर्शिता, आम जनता की सुनवाई, नारी, गरीब, किसान, युवा के लिए अवसरों के द्वार खोलने का काम इस सरकार ने किया है।

**महतारी वंदन योजना–**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में प्रति माह 1000 रुपये अंतरित किए जा रहे हैं। 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया गया था। इस योजना की 9 वीं किश्त हाल में यहां पहुंचीं राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मु ने जारी की। महिलाओं की उन्नति के लिए सरकार कई कार्यक्रम चला रही है। कांग्रेस की सरकार ने महिला समूहों से रेडी टू ईट का काम छीन लिया था। मुख्यमंत्री ने उन्हें दोबारा यह काम सौंप दिया है।

**युवाओं की हितैषी सरकार –**

नई दिल्ली के ट्राइबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़कार 185 कही गई है। यूपीएससी की तैयारी करने वाले एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के युवाओं को इसका लाभ मिल रहा है। पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय विभागों में भर्ती की अधिकतम आयु सीमा में 31 दिसंबर 2028 तक 05 वर्ष की छूट का एलान किया गया है। राज्य में विभिन्न विभागों में 7 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए यूपीएससी के पूर्व चेयरमेन प्रदीप कुमार जोशी की अध्यक्षता में आयोग का गठन किया गया है। उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण देने की व्यवस्था की गई है। आलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले राज्य के युवाओं को सरकार तीन करोड़ रुपये देगी। रजत जीतने पर दो करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपये मिलेंगे।

**सुशासन का मूलमंत्र–**

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन के लिए सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। ई समीक्षा, ई लोकसेवा गारंटी तथा डिजिटल सेक्रेटेरिएट अब सुशासन एवं अभिसरण विभाग के जिम्मे होगा। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर 2023, सुशासन दिवस के अवसर पर अटल मॉनीटरिंग पोर्टल का शूभारंभ किया गया। आम जनता से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री ने जनदर्शन कार्यक्रम प्रारंभ किया है। ई गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए ई आफिस प्रणाली, मुख्यमंत्री कार्यालय ऑनलाइन पोर्टल तथा स्वागतम पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अधिकाधिक क्षेत्रों में आईटी का उपयोग किया जा रहा है।

**गरीबों की मददगार सरकार–**

विष्णु देव साय की सरकार ने गरीब जनता की मदद के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। 68 लाख गरीब परिवारों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन देने के लिए बजट में 3400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। ग्रामीण घरों को नल से पानी देने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 4500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अब तक 40 लाख परिवारों को नल का कनेक्शन दिया जा चुका है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत गरीब परिवारों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सहायता देने के लिए बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**औद्योगिक विकास की पहल–**

राज्य में नई औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 एक नवम्बर से लागू हो गई है। राज्य में उद्योगों को बढ़ावा एवं विस्तार देने के लिए नई औद्योगिक नीति में कई रियायती प्रावधान किए गए है। उद्योग विभाग के सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 लागू किया गया है। इस पोर्टल पर एक बार आवेदन करने पर सभी विभागों से क्लीयरेंस मिलेगा। नया रायपुर को आईटी का हब बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। दो आईटी कंपनियों से एमओयू किया गया है तथा उन्हें फर्निश्ड बिल्डअप एरिया भी उपलब्ध करा दिया गया है। इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ के आयोजन के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य में आर्थिक विकास की गति बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं से परामर्श करने तथा देश और दुनिया में चल रहे बेस्ट प्रेक्टिसेस को राज्य में लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन प्रस्तावित है। कोरबा, बिलासपुर इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का निर्माण किया जा रहा है।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास–**

एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिंदी माध्यम से भी होगी। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य योजना शुरू की गई है। राज्य के दो बड़े मेडिकल कालेज अस्पतालों, छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर और मेडिकल कालेज अस्पताल रायपुर के भवन व सुविधाओं के विस्तार का काम शुरू किया गया है।


**शिक्षा का कायाकल्प–**

राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर दी गई है। पीएम श्री योजना में प्रदेश के 341 स्कूलों को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत स्कूलों में बेहतर अधोसंरचना के साथ किचन गार्डन, एआई, रोबोटिक्स, आईसीटी लैब की सुविधा के साथ ग्रीन स्कूल विकसित किए जा रहे हैं। जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंडी और कुडुख समेत 18 स्थानीय भाषा बोली में नई शिक्षा नीति के तहत प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। स्कूलों में न्यौता भोज की अभिनव पहल की गई है। स्कूली बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल एप का विकास तथा काल सेंटर के माध्यम से निगरानी आईआईटी भिलाई के सहयोग से की जा रही है। राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन की स्थापना की जाएगी।

# आइए जानें भक्त ध्रुव की महान गाथा



संजय त्रिपाठी
प्रबंध संपादक
नवयुग समाचार (दैनिक)



महाराज उत्तानपाद की दो रानियाँ थी, उनकी बड़ी रानी का नाम सुनीति तथा छोटी रानी का नाम सुरुचि था।

सुनीति से ध्रुव तथा सुरुचि से उत्तम नाम के पुत्र पैदा हुए। महाराज उत्तानपाद अपनी छोटी रानी सुरुचि से अधिक प्रेम करते थे और सुनीति प्रायः उपेक्षित रहती थी।

इसलिए वह सांसारिकता से विरक्त होकर अपना अधिक से अधिक समय भगवान के भजन पूजन में व्यतीत करती थी।

एक दिन बड़ी रानी का पुत्र ध्रुव अपने पिता महाराज उत्तानपाद की गोद में बैठ गया। यह देख सुरुचि उसे खींचते हुए गोद से उतार देती है और फटकारते हुए कहती है

ह्ययह गोद और राजा का सिंहासन मेरे पुत्र उत्तम का है। तुम्हें यह पद प्राप्त करने के लिए भगवान की आराधना करके मेरे गर्भ से उत्पन्न होना पड़ेगा।ह्ल

ध्रुव सुरुचि के इस व्यवहार से अत्यन्त दुःखी होकर रोते हुए अपनी माँ सुनीति के पास आते हैं और सब बात कह सुनाते हैं।

अपनी सौत के व्यवहार के विषय में जानकर सुनीति के मन में भी अत्यधिक पीड़ा होती है। वह ध्रुव को समझाते हुए कहती है झ

ह्यपुत्र ! तुम्हारी विमाता ने क्रोध के आवेश में भी ठीक ही कहा है। भगवान ही तुम्हें पिता का सिंहासन अथवा उससे भी श्रेष्ठ पद देने में समर्थ हैं। अतः तुम्हें उनकी ही आराधना करनी चाहिए।ह्ल

माता के वचनों पर विश्वास करके पाँच वर्ष का बालक ध्रुव वन की ओर चल पड़ा। मार्ग में उसे देवर्षि नारद मिले। उन्होंने ध्रुव को अनेक प्रकार से समझाकर घर लौटाने का प्रयास किया किंतु वे उसे वापिस भेजने में असफल रहे।

अन्त में उन्होंने ध्रुव को द्वादशाक्षर मन्त्र (ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय) की दीक्षा देकर यमुना तट पर अवस्थित मधुवन में जाकर तप करने का निर्देश दिया। ध्रुव देवर्षि को प्रणाम करके मधुवन पहुँचे। उन्होंने पहले महीने में कैथ तथा बेर, दूसरे महीने में सूखे पत्ते, तीसरे महीने में जल और चौथे महीने में केवल वायु ग्रहण करके तपस्या की।

पाँचवें महीने में उन्होंने एक चरण पर खड़े होकर श्वास लेना भी बन्द कर दिया। मन्त्र के अधिष्ठाता भगवान वासुदेव में ध्रुव का चित्त एकाग्र हो गया। संसार के एकमात्र आधार भगवान में एकाग्र होकर ध्रुव के श्वास-अवरोध कर देने से देवताओं को श्वासावरोध स्वतः हो गया।

उनके प्राण संकट में पड़ गए। देवताओं ने भगवान के पास जाकर उनसे ध्रुव को तप से निवृत करने की प्रार्थना की।

ध्रुव भगवान के ध्यान में लीन थे। अचानक उनके हृदय की ज्योति अन्तर्विहित हो गई। ध्रुव ने घबराकर अपनी आँखें खोली तो उनके सामने शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी भगवान स्वयं खड़े थे। ध्रुव अज्ञान बालक थे, उन्होंने हाथ जोड़कर स्तुति करनी चाही किंतु वाणी ने साथ नहीं दिया। भगवान ने उनके कपोलों से अपने शंख का स्पर्श करा दिया।

बालक ध्रुव के मानस में सरस्वती जाग्रत हो गई। उन्होंने हाथ जोड़कर भगवान की भावभीनी स्तुति की।

भगवान ने प्रसन्न होकर उन्हें अविचल पद का वरदान दिया।

घर लौटने पर महाराज उत्तानपाद ने ध्रुव का अभूतपूर्व स्वागत किया और उनका राज्याभिषेक करके तप के लिए वन में चले गये।

ध्रुव नरेश हो गये। संसार में प्रारब्ध शेष हो जाने पर ध्रुव को लेने के लिए स्वर्ग से विमान आया। ध्रुव मृत्यु के मस्तक पर पैर रखकर विमान में आरूढ़ होकर स्वर्ग पधारे। उन्हें अविचल धाम प्राप्त हुआ। उत्तर दिशा में स्थित ध्रुव तारा आज भी उनकी अपूर्व तपस्या का साक्षी है।

## बहन की डोली उठने से पहले उठी भाई की अर्थी, पसरा मातम

दिलीप सिंह नवयुग समाचार



अलीगंज। अलीगंज कस्बे के मोहल्ला मेवातियान में खुशियां मातम में तब्दील हो गई। ढोल नगाड़ों और डीजे की धुन पर जिस घर में खुशियां मनाई जा रही थी उस घर में खुशियां मातम में तब्दील हो गई। ई रिक्शा चार्जिंग करते समय 18 वर्षीय भाई की करंट लगने से मौत हो गई। थाना अलीगंज के मोहल्ला मेवातियान निवासी सुभाष की पुत्री पिंकी की शादी थी जो बुधवार को बारात आनी थी। सोमवार को घर में जश्न का माहौल था सब अपने-अपने काम से लगे हुए थे तभी ई रिक्शा चार्जिंग करने के लिए पिंकी के छोटे भाई सौरभ पुत्र सुभाष की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सौरभ को करंट लगने से परिवारीजनों में चीत्कार मच गया। आनन फानन में परिजन बेसुध जमीन पर पड़े युवक को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाए जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

**6 नवंबर को आनी थी बहन बारात**

परिजनों ने बताया घर की महिलाएं रात्रि 10:30 बजे महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। तभी छोटा भाई सौरभ ई रिक्शा चार्जिंग पर लगाने लगा। करेंट दौड़ने की वजह से युवक अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। मोहल्ले के लोग युवक को अस्पताल लाए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मामले पर चिकित्साधीक्षक डॉक्टर सर्वेश ने बताया है कि सोमवार की देर रात करीब साढ़े दस बजे मृत अवस्था में युवक को लाया गया था। पेशेंट की मौत इलेक्ट्रिक शार्ट की वजह से हुई है।

## रामलीलाल मैदान में विकास प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ,क्षेत्रीय विधायक और,पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया शुभारंभ

दिलीप सिंह नवयुग समाचार

अलीगंज नगर के रामलीला मैदान मे राष्ट्रीय एकता विकास प्रदर्शनी का देर रात्रि भव्य शुभारंभ हुआ है।क्षेत्रीय विधायक ठाकुर सत्यपाल सिंह राठौर और अलीगंज नगर के नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि सुजीत गुप्ता उर्फ बॉबी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी की उदघाटन किया है।मेले के आयोजक मंडल ने उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर और प्रतिनिधि नगर पालिका बॉबी गुप्ता को साल उठाकर कर माल्यार्पण कर स्वागत किया है।एक माह तक चलने वाली प्रदर्शनी में आसमानी झूला और सर्कस आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।रामलीला मैदान में सजी प्रदर्शनी करीब एक माह तक चलेगी ।पहले दिन से ही आस पास गांव के लोग और अलीगंज कस्बे के लोग प्रदर्शनी देखने पहुंचे और उन्होंने झूलों का लुत्फ उठाया है।मेले में हाइड्रोलिक झूले ,नाव झूला,ब्रेक डांस झूला,भूत बंगला,सर्कस,बच्चों के मनोरंजन के संसाधन,खाने पीने के लिए साफ सुथरा रेस्टोरेंट,आइस क्रीम की दुकानें,कास्मेटिक,जूते चप्पलों की दुकान,महिलाओं के लिए चूड़ी कंगन और घरेलू समानों की दुकान,फैंसी कपड़ों की दुकानें नुमाइश में सजाई गई हैं। हर साल प्रदर्शनी के आयोजन होने से क्षेत्र की जनता को हर साल में एक बार मनोरंजन का साधन मिल जाता है। भाजपा विधायक ने इस दौरान क्षेत्र की जनता से अपील की है कि प्रदर्शनी में आएं और अपने परिवार को मेले में जरूर लाएं।उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार में भयमुक्त समाज मिला है ।लोग देर रात तक प्रदर्शनी देखकर बैखौफ घर जा रहे है क्योंकि यहां कानून का राज है।नुमाइश में कई तरह के झूले के अलावा मिनी सर्कस, कालाजादू तथा अनेक प्रकार के बच्चो के खेलने के झूले आकर्षण का केन्द बने हुए है ।प्रदर्शनी के आयोजक शादाब खान का कहना है कि पिछली वर्ष से इस साल और अधिक आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। मनोरंजन के साधन उपलब्ध होगें।उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश कुमार स्वर्णकार, विनोद आर्य,अरूण दलपति, रामविलास बर्मा ,प्रदीप गुप्ता टीपू सहित रामलीला प्रबंध समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## मोदी जी के नेतृत्व में भारत बुलंदियों को छू रहा: पायल लाठ

### पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की अध्यक्ष पायल लाठ ने ली भाजपा की सदस्यता

नवयुग समाचार



बिलासपुर, छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ की सक्रिय समाज सेविका पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन की फाउंडर पायल शब्द लाठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश के प्रति समर्पण की भावना और उत्तरोत्तर प्रगति से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली हैं। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पायल लाठ को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर बिलासपुर भाजपा अध्यक्ष रामदेव कुमावत,जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान और बेलतरा के विधायक सुशांत शुक्ला भी उपस्थित थे। पूरे छत्तीसगढ़ में समाज सेवा का पर्याय बन चुकी पायल लाठ ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों और आम आदमी के विकास के लिए लगातार समर्पित भाव से काम करती आ रही है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बुलंदियों को छू रहा है। इसी से प्रभावित होकर मैंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पायल ने कहा कि देश को सर्वोपरि मानकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी लगातार भारत माँ की सेवा में लगे हुए हैं। किसी भी देश में ऐसे समर्पित नेता बिरले मिलते हैं। एक अरसे से छत्तीसगढ़ में समाज सेवा में सक्रिय पायल लाठ जरूरतमंदों और समाज के पिछले तबके के विकास के लिए काम करती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि अब भाजपा में शामिल होने के बाद वे पूरी ताकत के साथ सामाजिक सेवाओं में अपनी भागीदारी निभाएंगी।

## एक नजर

### सीएमओ ने हॉस्पिटल संचालक पर एफआईआर दर्ज कराने रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के निर्देश दिए




**मोहम्मद इरफान खान/नवयुग समाचार**

**उन्नाव:** सीएमओ सत्य प्रकाश ने शाम एक के बाद एक पांच नर्सिंगहोम का निरीक्षण किया। निरीक्षण में रजिस्ट्रेशन, प्रशिक्षित स्टाफ, डॉक्टर न होने समेत कई कमियां पाए जाने पर पांच को बंद करा दिया। जिसमे मेडिसिटी हॉस्पिटल, सुषमा हॉस्पिटल , न्यू लाइफ हॉस्पिटल, ओम हॉस्पिटल व न्यू आराधना हॉस्पिटल पर सीएमओ ने हॉस्पिटल संचालक पर एफआईआर दर्ज कराने रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के निर्देश दिए।

## नहाय-खाय के साथ कानपुर में धूमधाम से शुरू हुई छठ पूजा



**सुनील बाजपेई/नवयुग समाचार**

**कानपुर।** 'सुनिहा अरज छठी मईया...के भजन गायन के साथ यहां 'आज मंगलवार से लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरूवात हो गयी। इसको लेकर पूर्वांचल के लोगों में भरपूर उत्साह है। आज बड़े जोर शोर से शुरू छठ पूजा का आयोजन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए नदी, नहरों, तालाबों, पोखरों और रजवहों में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरे विधिविधान से छठ पूजा की। कई क्षेत्रों में सामूहिक पूजन भी किया गया। चार दिनों तक चलने वाले इस छठ महा पर्व का समापन 08 नवंबर को होगा। आज पहले दिन इसकी शुरूवात दिन नहाय-खाय, के साथ की गई। जबकि दूसरे दिन यानी आज बुधवार को खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उषा अर्घ्य देते हुए समापन होगा। जैसा कि सर्व विदित हैं कि छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार होता है।

इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस पर्व में आस्था रखने वाले लोग सालभर इसका इंतजार करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि और उसकी दीघार्यु के लिए किया जाता है। साथ ही यह भी बताते चलें कि छठ पूजा पूर्वांचल का प्रमुख पर्व है। आज से प्रारंभ होकर अगले चार दिन तक छठ पूजा का पर्व मनाया जाएगा। शहर में भी पूर्वांचल के तमाम लोग रहते हैं, इसलिए यहां भी जगह-जगह पूरे श्रद्धाभाव से छठ पूजा की जाती है।

नहाए-खाय से छठ महापर्व प्रारंभ : बहुत ही कठिन माने जाने वाले इस व्रत में 36 घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रख जाता है। छठ पूजा का व्रत रखने वाले लोग चौबीस घंटो से अधिक समय तक निर्जल उपवास रखते हैं। इस पर्व का मुख्य व्रत षष्ठी तिथि को रखा जाता है, लेकिन छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से हो जाती है, जिसका समापन सप्तमी तिथि को प्रातः सूर्योदय के समय अर्घ्य देने के बाद समाप्त होता है। खरना : इसके बाद 06 नवंबर को खरना यानी लोहंडा छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। इस साल खरना है। खरना के दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास करते हैं। फिर शाम को प्रसाद में गुड़ की खीर और रोटी बनाकर चढ़ाते हैं। इसके साथ फल का भी भोग लगाते हैं और इसके बाद इसे खाते हैं।

संध्या अर्घ्य : इसके बाद छठ पूजा का तीसरा दिन संध्या अर्घ्य का होता है। इस दिन छठ पर्व की मुख्य पूजा की जाती है। तीसरे दिन व्रती और उनके परिवार के लोग घाट पर आते हैं और डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इस साल छठ पूजा का संध्या अर्घ्य 07 नवंबर को दिया जाएगा। उषा अर्घ्य और पारण (सूर्य को अर्घ्य) : इसी तरह से उषा अर्घ्य और पारण 8 नवंबर को है। इस दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, जिसके बाद व्रती अपना व्रत खोलते हैं और फिर पारण करते हैं। इसी के बाद छठ पूजा का प्रसाद बंटता है और लोग सूर्य भगवान का आशीर्वाद लेकर उन्हें प्रणाम करते हैं।

छठ पूजा की महिमा : जहां तक छठ पूजा की महिमा और उसके महत्व का सवाल है। इस दौरान सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा की जाती है। इस पूजा में भक्त गंगा नदी जैसे पवित्र जल में स्नान करते हैं। महिलाएं निर्जला व्रत रखकर सूर्य देव और छठी माता के लिए प्रसाद तैयार करते हैं। दूसरे और तीसरे दिन को खरना और छठ पूजा कहा जाता है। महिलाएं इन दिनों एक कठिन निर्जला व्रत रखती हैं। साथ ही चौथे दिन महिलाएं पानी में खड़े होकर उगते सूरज को अर्घ्य देती हैं और फिर व्रत का पारण करती हैं,जिसके साथ ही छठ महापर्व का समापन हो जाता है।

## करैल प्रभारी सचिव शिवप्रसाद यादव के दादी के निधन पर शोक



**भुईमाड़।** करैल के प्रभारी सचिव शिवप्रसाद यादव की दादी सोनिया यादव का निधन सोमवार को देर शाम हो गया, जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मे मंगलवार को किया गया। उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है। केरहा टोला निवासी 85 वर्षीय सोनिया यादव ने अपने जीवनकाल में सादगी, सेवा और सहनशीलता की मिसाल पेश की। उनके निधन से पूरे गाँव में शोक की लहर फैल गई है। परिवार के प्रति उनके समर्पण और समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता ने उन्हें सभी के बीच एक सम्माननीय स्थान दिलाया था। सोनिया यादव का स्नेहिल स्वभाव, ममतामयी आशीर्वाद और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत थे। गाँव के बुजुर्गों के अनुसार, उनकी उपस्थिति ही परिवार और समाज को एकजुट रखने का आधार थी। उनके देहांत से परिवार को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसकी भरपाई असंभव है। गाँव के लोग उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं और इस दुख की घड़ी में सांत्वना देने के लिए एकत्र हुए एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की। आशा है कि भगवान उनके परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करेंगे।

# आज चौबेपुर में दहाड़ेंगे संगठन के केंद्रीय प्रचार मंत्री वीरेंद्र दीक्षित

## जगदम्बे मैया की कृपा पाने को उमड़ेंगे सैकड़ों श्रद्धालु, कार्यक्रम की समापन बेला का नजारा कुछ खास होगा










**नवयुग समाचार संवाददाता**

बिल्हौरः योगीराज श्री शक्तिपुत्रजी महाराज के निर्देशन में जनपद कानपुर के तहसील बिल्हौर अंतर्गत चौबेपुर ब्लाक के बेला रोड स्थित कन्हैया पार्टी लॉन में भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों द्वारा संपन्न कराये जा रहे अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के जिलास्तरीय आयोजन में संगठन के केंद्रीय प्रचार मंत्री वीरेंद्र दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं जिनके स्वागत के लिए कार्यकताओं में उत्साह है। 24 घंटे से चल रहे अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के समापन का समय कुछ ज्यादा ही महत्वपूर्ण होने वाला है। समापन बेला में भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय प्रचार मंत्री वीरेंद्र दीक्षित के साथ साथ केंद्रीय प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, जिलाध्यक्ष चंद्रेश सिंह आदि की मौजूदगी रहेगी। उक्त अवसर पर सैकड़ों नशामुक्त मां भक्तों की गरिमामई उपस्थिति रहेगी। संगठन के वरिष्ठ टीम प्रमुख सर्वेश सचान ने बताया कि आज कार्यक्रम के समापन के पहले प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक चौबेपुर के मुख्य मार्ग पर नशामुक्त सद्भावना पदयात्रा निकाली जाएगी। इस दिव्य कार्यक्रम का उद्देश्य माता महिषमर्दिनी जगतजननी की साधना के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को नशामुक्त, मांसाहारमुक्त, चरित्रवान एवं संस्कारवान जीवन जीने के लिए प्रेरित करना एवं संकल्प दिलाना है। भगवती मानव कल्याण संगठन बिल्हौर के तहसील अध्यक्ष संजय त्रिपाठी द्वारा उक्त के विषय में जानकारी साझा की गई साथ ही सहयोगियों के प्रति बारम्बार धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आपको बता दें कि कार्यक्रम की भव्यता, दिव्यता एवं सफलता के लिए संगठन के सदस्यों द्वारा कानपुर जनपद क्षेत्र में कई दिनों से निमंत्रण अभियान चलाया जा रहा था। समस्त क्षेत्रीय जनमानस एवं श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आप भी उक्त साधना क्रम में पहुंच कर जगदम्बे मैया का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त करें।

### समर्थ फाउंडेशन की पहल

## कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरारा को किया सीसीटीवी कैमरा और डिजिटल क्लास से सुसज्जित

**हमीरपुर ब्यूरो-**

समर्थ फाउंडेशन, कुरारा द्वारा कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय गुड मंडी कुरारा को सीसीटीवी कैमरा और डिजिटल सुविधाओ से युक्त शिक्षण कार्य करने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश शुक्ला ने कहा कि समर्थ फाउंडेशन द्वारा लगवाए गए सीसीटीवी कैमरा से एक और जहां विद्यालय और बच्चों की सुरक्षा की सहूलियत प्रदान होगी, वही विद्यालय में डीटीएच लगने से डिजिटल कक्षाएं आरंभ हो सकेगी। छात्राओं छात्रों की डिजिटल पढ़ाई को सुनिश्चित किया जा सकता है।समर्थ फाउंडेशन के देवेन्द्र गाँधी ने कहा कि गांव और गरीब परिवारों के बच्चों को



भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय में पढ़ने का हक है। इसी कड़ी में यह एक छोटा सा प्रयास किया गया है, कि बच्चे डिजिटल दुनिया में डिजिटल तरीके से पढ़ सके। साथ ही वह आधुनिक सुख सुविधाओं को इस्तेमाल करते हुए अपने जीवन को बेहतर बना सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश शुक्ला की प्रेरणा से यह प्रयास किया गया है।समाज सेवी ने रिंकू कबीर विद्यालय को डीटीएच दान किया। नगर पंचायत कुरारा के वार्ड मेंबर अवधेश गुप्ता ने कहा कि अब विद्यालय के बच्चे और डिजिटल तरीके के पढ़ सकेंगे।विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने अपने विद्यालय में सुविधाएं मिलने पर खुशी जताई पर खुशी जताई।

## चेयरमैन ने किया गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा का शुभारंभ

**हमीरपुर ब्यूरो-**

मौदहा कस्बा स्थित गायत्री शक्तिपीठ में मंगलवार से सोमवार तक चलने वाले गायत्री महायज्ञ व संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा की भव्य कलशयात्रा का शुभारंभ चेयरमैन रजा मोहम्मद श्री नाथ ने किया। इस भव्य कलश यात्रा में झांकियों और गाजे-बाजे के साथ सिर पर कलश लिए सैकड़ों महिलाएं व बड़ी तादाद में गायत्री परिवार के अनुयायियों ने हिस्सा लिया है। मौदहा कस्बा में निकाली गई यह कलशयात्रा गायत्री शक्तिपीठ से आरंभ हुई जहां चेयरमैन रजा मोहम्मद श्री नाथ ने फीता काट कर इस कलशयात्रा



का शुभारंभ किया है।यह कलशयात्रा नगर के मुख्य मार्गों में भ्रमण करते हुए पुनः गायत्री शक्तिपीठ में सम्पन्न हुई है। कलशयात्रा में सिर पर कलश रखकर पीताम्बर वस्त्र धारण किए सैकड़ों महिलाएं एवं गाजे-बाजे के साथ निकली माता गायत्री, श्री राम शर्मा आचार्य व भगवती देवी शर्मा सहित विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां इसके आकर्षण बने रहे हैं। गायत्री परिवार राजेंद्र शुक्ल सहित कार्यक्रम के अन्य आयोजकों ने बताया कि कलशयात्रा के बाद कार्यकर्ता गोष्ठी होगी ।बुधवार से प्रतिदिन सामूहिक जप ध्यान प्रज्ञा योग, व्यायाम, प्राणायाम तथा प्रज्ञा पुराण कथा, संगीत प्रवचन एवं सोमवार को महायज्ञ दीक्षा संस्कार,महा पूणाहुति एवं टोली की विदाई होगी।

## कानपुर पुलिस ने 3 कुंतल गांजे के साथ तस्कर पकड़े

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से हो रही थी तस्करी, चार आरोपी अरेस्ट

**अजय कुमार/नवयुग समाचार**

**बिल्हौर:** कानपुर कमिश्नरेट में बिल्हौर क्षेत्र के अरौल थाना पुलिस ने लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर कंटेनर से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे साढ़े तीन कुंतल गांजे सहित चार लोगों को पकड़ लिया। अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह यादव को सोमवार भोर में एक कंटेनर में तस्करी के लिए भारी मात्रा में मादक पदार्थ जाने की सूचना मिली। उन्होंने मुखबिर से मिली सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर घेराव कर एक कंटेनर और उसके पीछे चल रही बोलेरो को रोक लिया। कंटेनर व बोलेरो में मौजूद चार लोगों को दबोच लिया। दोनो वाहनों की तलाशी में पुलिस ने कंटेनर से 3 कुंतल 46 किलो मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया। पुलिस ने मादक पदार्थ सहित दोनों वाहनों एवं पकड़े गए चारो व्यक्तियों को थाने लाकर विधिक कार्रवाई शुरू की और उच्च अधिकारियों को मामले की सूचना दी। थाना प्रभारी जनार्दन सिंह के अनुसार मादक पदार्थ के साथ कुछ लोग पकड़े गए हैं। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निदेर्शानुसार जनपद के समस्थ थाना क्षेत्रों में चला सघन बैंक चेकिंग अभियान

**मोहम्मद इरफान खान/नवयुग समाचार**

उन्नावः पुलिस अधीक्षक उन्नाव दीपक भूकर के आदेशानुसार आज दिनांक 04.11.2024 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में स्थित समस्त बैंक शाखाओं में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संबन्धित थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं बीट प्रभारी द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में पड़ने वाली बैंक शाखाओं का निरीक्षण किया गया तथा बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड एवं शस्त्र, एटीएम सुरक्षा गार्ड आदि को चेक किया गया। साथ ही बैंक प्रबंधकों को शाखा में पाई गई कमियों के संबंध में अवगत कराते हुए सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने तथा ग्राहकों के साथ नेट बैंकिंग के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए जन जागरूकता के संबंध में अवगत कराया गया। इस दौरान बैंक में अनावश्यक रूप से आने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई। बैंक में मौजूद सुरक्षा इंतजाम बैंक गेट पर लगी चेन, सुरक्षा गार्ड, मुख्य गेट या बैंक के अन्दर व बाहर लगे सीसीटीवी आदि चेक किया गया तथा बैंक के बाहर खड़े मिले वाहनों की भी चेकिंग की गई ।

### उ.प्र. भारत स्काउड गाइड की आवश्यक बैठक सम्पन्न

**दिलीप सिंह नवयुग समाचार**

अलीगंज। जनता इण्टर कॉलेज अलीगंज में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को जनता इण्टर कॉलेज अलीगंज में उ.प्र. भारत स्काउड गाइड की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक मे जनपद एटा की एक जनपदीय स्काउड गाइड रैली पंजीकरण, नवीनीकरण, प्रदेश अंश, शीतला स्वेत में होने कार्यक्रम आदि पर प्रादेशिक संगठन आयुक्त कविता पाण्डेय अलीगढ मण्डल द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें जिला संस्था के मुख्य आयुक्त डॉ. धमेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य स्काउड गाइड हित में पूर्णरूप आश्वासन दिया।

## बार एसोसिएशन द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर गाजियाबाद कोर्ट में अधिवक्ताओं पर पुलिस लाठीचार्ज की घोर निन्दा की



**मोहम्मद इरफान खान/नवयुग समाचार**

उन्नाव। स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर गाजियाबाद कोर्ट में अधिवक्ताओं पर पुलिस लाठीचार्ज की घोर निन्दा की गई। एसोसिएशन ने राष्ट्रपति से दोषी पुलिस कर्मियों और न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने आज सोमवार को भारत के राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार रामाश्रय को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बीते 25 अक्टूबर को गाजियाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर निर्मम लाठीचार्ज किया गया। लाठीचार्ज में तमाम अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार न्याय प्रक्रिया अंतर्गत अधिवक्ता को न्यायिक अधिकारी का दर्जा प्राप्त है। न्याय के मंदिर में न्यायिक अधिकारी और पुलिस का बरताव अशोभनीय और निंदनीय है। देश की आजादी में अधिवक्ताओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से दोषी पुलिस कर्मियों और न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाई गई है।

ज्ञापन सौंपते समय सुभाष चन्द्र शुक्ला प्रतीक कटियार, मुजम्मिल अहमद, सुरभ श्रीवास्तव, श्रीकांत द्विवेदी, आदित्य तिवारी, सुरेंद्र बाबू, मनोज कुमार, शादाब खान, दिनेश गोयल, छोटेलाल गौतम, महमूद आलम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### सपा की मासिक बैठक का आयोजन

## जनसमस्याओं के मद्देनजर उपजिलाधिकारी एवं एसीपी बिल्हौर को सौंपा ज्ञापन

**नवयुग समाचार संवाददाता**

कानपुरः बिल्हौर विधानसभा के केन्द्रीय कार्यालय पर सपा की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बैकुण्ठ नाथ यादव ने पार्टी कार्यकताओं से चल रहे कार्यों की समीक्षा की। पार्टी के प्रति निष्ठापूर्वक काम करने के लिए कार्यकताओं को प्रेरित किया। वहीं सपा विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने मतदाता सूची में नाम बढ़ाने, जन-जन तक सपा की नीतियों को पहुँचाने व ग्राम चौपालों की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता इस काम में तन-मन से जुटे हुए हैं। लोगों में समाजवादी पार्टी के प्रति विश्वास निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी बूथ व सेक्टर के स्तर पर पीडीए के लोगों को पार्टी से जोड़ेंगें। वहीं प्रभारी रचना सिंह ने आगामी 2027 के चुनावों की रुपरेखा पर अतिशीघ्रता से जुटने हेतु कार्यकताओं से



आग्रह किया। इसके बाद रचना सिंह एवं विनय यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकताओं ने बिल्हौर विधानसभा में डेंगू, टाइफाइड जैसी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप पर प्रशासन की सिथिलता, लापरवाही व निष्क्रियता को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा तथा शीघ्र ही पूरे बिल्हौर विधानसभा में स्क्रीनिंग व्यवस्था, साफ-सफाई, फॉगिंग, दवा छिड़काव व स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित कैंप लगाकर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व इलाज की व्यवस्था सुलभ कराने की माँग की। विनय यादव ने कहा कि क्षेत्र में सैकड़ों लोग इन गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। निजी अस्पतालों में महँगे इलाज खर्चों की वजह से कई लोग अपने स्वजनों को खो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग आँखें मूँदे बैठा है। क्षेत्र के किसी भी गाँव में संचारी रोगों से निपटने के कोई प्रयास नहीं दिख रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में पुलिसिंग की व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु एसीपी बिल्हौर को भी ज्ञापन दिया गया। क्षेत्र में पुलिस द्वारा आम लोगों के उत्पीड़न, वसूली व क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से पुलिस व्यवस्था अपने उद्देश्यों को पूरा नहीं कर पा रही है। क्षेत्र में चोरी, हत्या, लूटपाट जैसी घटनाओं में वृद्धि पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाती है। रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाने को लेकर भी माँग की गई।

इस दौरान बैकुण्ठ नाथ यादव, रचना सिंह गौतम, हरिओम पांडे, रमाशंकर यादव, विनय यादव, जितेन्द्र कटियार, राम प्रसाद पाठक, अंशुमान यादव, चुन्नी लाल गौतम, पंकज यादव, ज्ञान सिंह यादव, पूर्व प्रधान उपदेश सिंह यादव, ज्ञान चंद्र कोरी, मुन्शी लाल कुशवाहा, विवेक कटियार, आदर्श कटियार, इंद्रेश यादव, शशिकांत पाल, राजू पाल, हरी प्रकाश यादव, ऋषभ यादव, रोहित बाल्मीक, संपत कटियार, राजेश यादव, राजू यादव, मान सिंह, लोकेश अवस्थी, कुलदीप यादव, नाहरसिंह, रमेश गौतम, जगरूप यादव, दिनेश कुमार, पप्पू कुशवाहा, सुनील शर्मा, शाहबत अली, कुलदीप यादव, पुजारी यादव, रमेश गौतम, सौरभ पाल, अंकित चक्रवर्ती, ललित कुशवाहा, राम शरण, डॉ मिथलेश कमल, सतपाल यादव, रानू यादव, दीपक गौतम पूर्व प्रधान, महावीर गौतम, ब्रजेश पाल, प्रदीप राजपूत, रोहित कटियार, आदि समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

## बीमारी से तंग आकर युवक ने फन्दा लगाया ,हुई मौत

**बिवाँर(हमीरपुर)**

बीते सोमवार थाना क्षेत्र के धनपुरा गाँव में 26 वर्षीय युवक धर्मेन्द्र प्रजापति ने कमरे में लगे हुक से अंगौछा बांधकर फन्दा लगा लिया ,जिसकी मौत हो गई।मृतक दो भाइयों में बड़ा था और अविवाहित था।बताया गया कि वह काफी दिनों से बीमार चल रहा था ,लेकिन माली हालत खराब होने की वजह से अपना इलाज नहीं करवा पा रहा था जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया।ग्रामीणों ने बताया कि युवक कार्यक्रमों में नाच कर अपना भरण पोषण करता था।थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## सरकारी कार्य मे बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराया

**बिवाँर(हमीरपुर)**

थाना क्षेत्र के करगांव लेखपाल अरविंद तिवारी ने गाँव के बैजनाथ पुत्र हिरवा वर्मा और दीनानाथ पुत्र भगवानदीन प्रजापति के खिलाफ सरकारी कर में बाधा डालते हुए अभद्रता करने का मुकदमा दर्ज कराया है।बताया कि दोनों आरोपी सरकारी भूमि ने अवैध कब्जा कर बीम डालकर पक्का घर बना रहे थे।बताया कि बीते 23 अक्टूबर को पुलिस की मौजूदगी में आम रुकवाया गया था ,लेकिन आरोपी गण फिर उस भूमि में निर्माण करने लगे थे ,जब लेखपाल ने उन्हें रोका तो उससे अभद्रता की।थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 329(3) ,121(1),132 ,2 ,3 सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पटाखे फोड़ने से रोकने पर की मारपीट

**बिवाँर(हमीरपुर)**

उमरी निवासी कृष्णकांत पुत्र राजनारायण ने पड़ोस के रोहित पुत्र रामगोपाल ,आतिश पुत्र रामपाल और हरिया पुत्र खुशाली के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है।ओएएफिट ने बताया कि रोहित और आतिश उसके दरवाजे पर पटाखे फोड़ रहे थे ,जब उसने उन्हें रोका तो उन दोनों ने और वगीं खड़े उनके सहयोगी हरिया ने डंडों से उसे पिता।बताया ,बचाने आए उसके चाचा शिवराज को भी पीटा ,जिससे उनको गम्भीर चोटें आईं।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

## दहेज हत्या का मामला दर्ज कराने के बाद मृतिका की मां को जान से मारने की धमकी

**महिला ने आरोपियों के खिलाफ सुरक्षा की लगाई गुहार, मुकदमा वापस लेने का बनाया जा रहा दबाव**

**हमीरपुर ब्यूरो-**

थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम गौरी कला निवासी एक महिला ने दहेज को लेकर ससुरालीजनो द्वारा पुत्री को मार डालने के खिलाफ थाना मझगवा जनपद हमीरपुर में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। महिला का आरोप है कि अब आरोपी मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहे है जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ है।पीड़ित महिला ने एस0पी0 से जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई है। थाना जसपुरा जनपद बांदा के ग्राम गौरी कला निवासी सुधा सिंह पत्नी स्व० धंजयसिंह ने बताया कि उसकी पुत्री श्वेता सिंह का विवाह 8 मई 2023 को ग्राम मलेहटा थाना मझगवां निवासी शिवम सिंह पुत्र राजू सिंह के साथ घूमधाम से सम्पन्न हुआ था हैसियत के हिसाब से दहेज भी दिया था। लेकिन ससुराली पक्ष के पति शिवम सिंह ननद राखी, ससुर राजू सिंह दहेज कम देने को लेकर मेरी पुत्री को मारपीटकर प्रताड़ित करते रहे। 28 अक्तूबर 2024 की रात को तीनों ने मिलकर पुत्री श्वेता के साथ मारपीट कर उसे फाँसी पर लटका दिया था जिससे उसकी मौत हो गयी थी। सूचना पाकर ग्राम मलेहटा पहुंची थी और थाना मझगंवा जनपद हमीरपुर में दहेज लोभी पति शिवम सिंह, ननद राखी व ससुर राजू सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने धारा 85,80(2) और धारा 3,4 दहेज प्रतिशोध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मृतिका की माँ सुधा सिंह ने आरोप लगाया है कि उक्त आरोपी अब मुकदमा वापस लेने के लिये दबाव बना रहे हैं। और मुकदमा वापस न लेने पर जान से मरवाने की धमकी दे रहे है। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर को दिये प्रार्थना पत्र में सुधा सिंह ने आरोपियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने तथा जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई है।

## ट्रक और बाइक की भिड़ंत में दो लोग घायल

**हमीरपुर ब्यूरो-**

नेशनल हाईवे ठ्ल 34 में मंगलवार को ट्रक और बाइक की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,

जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राज मार्ग में कुंडौरा गांव के निकट दोपहर को करीब 3 बजे पुरानी पेट्रोल पम्प के पास एक ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच गंभीर टक्कर हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल चालक गोपाल प्रजापति 29 वर्ष व मोहित 19 वर्ष, निवासी बिलहड़ी, थाना सुमेरपुर घायल हो गए। ट्रक चालक छोटे सिंह 47वर्ष निवासी शेखपुर, कानपुर नगर, को भी चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलने पर थाना सुमेरपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला चिकित्सालय, हमीरपुर भेजा। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

## जनपद में यातायात माह का हुआ शुभारंभ छात्राओं ने रैली निकाल किया जागरूक

**हमीरपुर ब्यूरो-**

यातायात शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक मनोज कुमार प्रजापति के द्वारा जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा जी की उपस्थिति में फीता काटकर यातायात माह का शुभारंभ परेड ग्राउंड से किया गया।कार्यक्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीना के द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस दौरान विधायक मनोज कुमार प्रजापति के द्वारा सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन तथा छात्र-छात्राओं की सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस पुलिस लाइन पर समाप्त हुई।

इस रैली में छात्र छात्राएं सड़क सुरक्षा स्लोगन युक्त तख्तियां लेकर चल रहे थे।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता , एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ,एआरटीओ प्रशासन आरपी सिंह ,सीओ सदर राजेश कमल , सी ओ ट्रैफिक आशीष यादव उपस्थित थे।

कार्यक्रम में शहर के विद्यालयों के छात्र-छात्रा ,शिक्षक गण ,प्रबंधक, ऑटो ,टैक्सी ,बस के चालक परिचालक यूपी पुलिस के आरक्षी, परिवहन, ट्रैफिक विभाग के स्टाफ ,पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जलीस खान किया।

# भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने पकड़वाई 4 पेटी अबैध शराब


**ब्यूरो चीफ हिमांशु सिंह राजपूत/नवयुग समाचार**



दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत भगवती मानव कल्याण संगठन तहसील जबेरा के कार्यकताओं ने पुलिस को सूचना देकर पकड़वाई 4 पेटी अबैध शराब सहित दो आरोपी

आरोपी बम्होरी शराब दुकान से इमलिया मानगढ़ बगैर नम्बर हीरो सीडी डाउन लाल ब्लेक कलर की मोटरसाइकिल से अबैध शराब ले जा रहे थे जिसकी सूचना संगठन सदस्यों ने पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंचकर माला जलाशय के नीचे मेन रोड पर रोक लिया गया जिसमें सफेद कलर की बोरी में 4 पेटी में लाल मसाल 75 पाव एवं प्लेन सफेद पाव 125 शील बंद के साथ आरोपी (१) राजेश राय पिता अच्छे लाल राय उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कन्होंरा तहसील व जिला कटनी (२) राजा राय पिता संतोष राय उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम इमलिया गोरहा बाकल तहसील बोहरीवन जिला कटनी संगठन सदस्यों का कहना है कि जिले में अबैध शराब पर पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही एवं आवकारी विभाग भी मौन है आखिर कब रुकेगा अबैध शराब कारोबार दीपावली के दिन शराब के कारण 3 बच्चों की मौत हुई थी फिर शासन प्रशासन मौन है वहीं नोहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## दबंगों व नशेबाजों के आतंक से लोग परेशान





**नवयुग समाचार संवाददाता**

बिल्हौरः एक ओर जहां बिल्हौर सर्किल की कमान संभालने के बाद से एसीपी ने मादक पदार्थों की तस्करी रोकने में काफी हद तक कामयाबी हासिल की है लेकिन वहीं दूसरी ओर कस्बा में पिछले कुछ दिनों से दबंगों व नशेबाजों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है यह लोग शाम होते ही मोहल्ले में शराब पीकर गाली गलौज करने लगते हैं तथा अनैतिकता तथा फूहड़ता की सीमाओं को लांघ जाते हैं जिससे शाम के समय मोहल्ले की महिलाओं का निकलना दुश्वार हो गया है हालांकि इसकी शिकायत कई बार पुलिस से भी की गई है लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस भी अपनी आंखें बंद करके वापस लौट जाती है।

## प्राथमिक शिक्षिका और शिक्षक ने विद्यालय को बनाया मनमोहक, बच्चे समय से पहले आने के लिए उत्सुक



**ब्यूरो चीफ हिमांशु सिंह राजपूत/नवयुग समाचार दमोह**

दमोह जिले के बटियागढ़ जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला भैंस तिगड्डा में पदस्थ शिक्षक केशव प्रसाद रैकवार एवं शिक्षिका मोहिनी सोनी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग अलख जगाई जा रही है जो स्कूल के बच्चों को बहुत पसंद आ रही है बच्चे स्कूल जाने के लिए उत्साहित रहते हैं स्कूल में पदस्थ शिक्षका स्वयं के द्वारा विद्यालय की दीवारों पर लेखन कार्य कर रही हैं विभिन्न प्रकार की चित्र कलाएं पैटिग करवा रही है जिससे बच्चों में विद्यालय की प्रति आकर्षण दिखाई देने लगा है ग्रामीण परिवेश के हिसाब से भाषा का प्रयोग करके एवं विभिन्न तकनीक का उपयोग कर रही है जिससे छात्र छात्राओं का प्रभावी शिक्षण हो सके कलां एवं शिक्षण कौशल खेल गतिविधियों में छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देती है एवं स्वयं व्यय करती है बटियागढ ब्लाक के अंतर्गत युवा शिक्षिका मिशाल पेश कर रही है जिसमें बच्चों का विधालय के प्रति आकर्षण बढ़ा है बच्चे समय पर विधालय पहुंच रहे हैं और शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

## खाद की कमी से किसानों में हाहाकार, लंबी लाइनों में इंतजार के बावजूद खाली हाथ लौटे किसान

**सुमेरपुर हमीरपुर-**



रबी की फसल के लिए जरूरी खाद की कमी से परेशान किसान मंगलवार को पीसीएफ केंद्र और सहकारी समितियों में खाद के लिए लंबी-लंबी लाइनों में भूखे-प्यासे खड़े रहे, लेकिन अधिकांश को निराशा ही हाथ लगी। विभिन्न गांवों से आए किसान सुबह से कतार में खड़े थे, परंतु सीमित मात्रा में ही खाद का वितरण किया गया, जिससे ज्यादातर किसान खाली हाथ लौट गए।

किसानों का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली किसानों को प्राथमिकता देते हुए उनकी पर्चियाँ पहले से काट कर रखी गईं, जबकि साधारण किसानों और महिला किसानों की अनदेखी की गई। कुछ असरदार लोगो को बिना आधार कार्ड और खतौनी के बीस बीस बोरी खाद दे दिया गया लेकिन कमजोर किसानों को एक बोरी खाद भी पीसीएफ गोदाम प्रभारी ने नही दिया।बिरखेरा के हेमराज और श्रीकांत,पाटनपुर के भीम प्रकाश, सुमेरपुर के राम सेवक, शांति भौनियां, गीता मौहर, संगीता पत्योरा, रामा भौनिया, और शांतिपंधरी ने पीसीएफ प्रभारी पर मनमाने ढंग से खाद वितरण का आरोप लगाया। उनका कहना था कि महिला किसानों को बार-बार धूप में लाइन में खड़ा किया गया, लेकिन अंततः उन्हें खाद नहीं दी गई और बाहर खदेड़ दिया गया। किसानों की मानें तो दो-दो बोरी खाद के लिए लोग घंटों भूखे-प्यासे लाइन में खड़े रहे, लेकिन पक्षपात के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। इस दौरान पीसीएफ केंद्र पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। जिन किसानों को खाद नहीं मिली, वे निराश होकर बैरंग अपने गांव लौट गए और शासन प्रशासन के झूठे वादों पर खरी खोटी सुनाते नजर आए।

# पत्रकारों के साथ की गई अमानवीयता के मामले में सपा आई साथ, खोला मोर्चा

**हमीरपुर ब्यूरो-**



बीते सप्ताह नगर पंचायत अध्यक्ष और उसके गुर्गों द्वारा पत्रकारों के साथ की गई अमानवीयता के मामले में सपा जिलाध्यक्ष इदरीस खान के नेतृत्व में सपा नेताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

सपा जिलाध्यक्ष इदरीस खान के नेतृत्व में सपा प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पिछले दिनों नगर पंचायत सरीला में फैले भ्रष्टाचार की के खिलाफ सभासदों ने मोर्चा खोल दिया था जिसको लेकर पत्रकारों ने भी प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी उसी बात को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष पवन अनुरागी और उसके सहयोगियों ने पत्रकार अमित कुमार और शैलेंद्र मिश्रा को बुलाकर बंधक बनाकर बेरहमी से निर्वस्त्र कर पीटा, इतना ही नहीं पुलिस से मिलकर दोनों पत्रकारों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मामला भी दर्ज करा दिया था।जिसको लेकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी अपने अधिकृत ट्विटर हैण्डल एक्स पर सरकार को घेरा था।उसी मामले में बीते दिन पत्रकारों ने भी धरना प्रदर्शन कर मामले की जांच और कार्यवाही करने की मांग की थी।उसी मामले को लेकर मंगलवार को सपा नेताओं एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच और कार्यवाही करने की मांग की।वहीं मंगलवार को मौदहा में ब्रजेंद्र गौतम के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें दोनों पत्रकारों के साथ की गई अमानवीय घटना की निंदा करते हुए इस घटना को मानवाधिकार का खुला उल्लंघन बताया गया।और सरीला नगर पंचायत अध्यक्ष पर कठोर कार्यवाही करने की मांग करते हुए कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन करने की रुपरेखा तैयार की गई।इस दौरान शिब्बू महाराज, अवधेश पालीवाल,अरविंद तिवारी, शिवकांत तिवारी, अभिजीत मराठा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कबाड़ी के कबाड़ गोदाम ने लगी आग ,लाखों का नुकसान

**बिवाँर(हमीरपुर)**



बीते मंगलवार की रात लगभग डेढ़ बजे कस्बा निवासी बुद्धू कबाड़ी के कबाड़ गोदाम में आग लग गई जिसमें उसका लगभग डेढ़ लाख का सामान ,दो क्विंटल गेंहूँ ,आधा क्विंटल लाही ,व घरेलू सामान जल गया।

कस्बा के राजमल मुहल्ला निवासी बुद्धू वर्मा ने बताया कि वह कई सालों से घर-घर जाकर बड़ी मेहनत से कबाड़ खरीदता आ रहा है और कबाड़ गोदाम भी घर के बगल में बना रखा था।बताया मंगलवार की रात वह घर में सो रहा था ,तभी पड़ोसी युवक अभय ने उसे जोर-जोर से चिल्लाते हुए बुलाया और बताया कि उसके गोदाम में आग लग गई है।मुहल्ले के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन बुझा नहीं सके ,जिसपर बिवाँर में खड़ी रहने वाली छोटी दमकल गाड़ी बुलाई गई ,लेकिन आग इतनी भीषण थी कि वह भी नहीं बुझा सकी ,जिसके बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने हमीरपुर से बड़ी दमकल गाड़ी बुलाई जिसने आग पर काबू पाया।पीड़ित का कहना है कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई है।पीड़ित द्वारा आगजनी में डेढ़ लाख के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

## जिलाधिकारी ने कुछेछा स्थित खाद वितरण केंद्र का किया निरीक्षण



**हमीरपुर ब्यूरो-**

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने हेलापुर, कुछेछा स्थित क्षेत्रीय सहकारी समिति खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का मुआयना किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम खाद वितरण से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि सभी किसानों को क्रमानुसार खाद वितरित किया जाए। खाद वितरण व्यवस्था में कर्मचारियो की संख्या को बढ़ाया जाए तथा सुचारू ढंग से खाद वितरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को खाद मिले यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए , इसके लिए जिन किसानों ने अभी तक एक भी बार खाद नहीं ली है उनको प्राथमिकता के साथ खाद वितरित किया जाए। सभी किसानों को खाद मिलने के बाद ही किसी व्यक्ति को दोबारा खाद वितरित किया जाए। कहा कि वास्तविक किसानों को ही खाद दिया जाए, किसी भी दशा में किसी बिचौलिए को खाद नहीं वितरित होनी चाहिए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खाद का स्टॉक भी देखा तथा कहा कि समय से खाद की पर्याप्त उपलब्धता हेतु डिमांड कर लिया जाए तथा अपने पास खाद का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। उन्होंने कहा कि जैविक खाद सागरिका को भी किसानों को लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए , सागरिका में जैविक खाद होने के कारण पैदावार अच्छी होती है तथा इसका नकारात्मक प्रभाव भी नहीं होता है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने खाद वितरण व्यवस्था का किसानों से फीडबैक लिया तथा कृषकों से किसी तरह की समस्या या ओवर रेटिंग आदि के बारे में पूछताछ की । जिसपर किसानों द्वारा ओवर रेटिंग आदि की कोई भी समस्या नहीं बताई गई है।इस मौके पर सहायक निबंधक सहकारिता, सहायक जिला सहकारी अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## इचौली में पुलिस चौकी से मिले किसानों को खाद के टोकन




**हमीरपुर ब्यूरो-**

साधन सहकारी समिति इचौली में खाद के लिए पुलिस चौकी से बटे टोकन(पर्ची )

साधन सहकारी समिति बैंक इचौली में प्रति वर्ष रहती है मारा मारी आपको बताते चले की साधन सहकारी समिति बैंक इचौली में तैनात सचिव व रिटायर्ड बाबू की मिलीभगत से सरकारी मूल्य से बीस रुपए प्रति बोरी बढ़ा कर डी ए पी तेरह सौ सत्तर तथा दो सौ नब्बे रुपए प्रति बोरी यूरिया खाद दी जाती है और किसानों ने बताया कि मशीन में अंगूठा तो लगवाते है लेकिन मशीन से पर्ची नहीं देते हैं कि जिससे हमको पता चल सके कि सरकारी मूल्य कितना है और हमारे आधार में कितनी बोरी चढ़ाई गई तथा जो गांव साधन सहकारी समिति बैंक में आते हैं उनको खाद नहीं मिल पाती है दूसरे गांव के लोग खाद ले कर चले जाते हैं जिससे यहां के सभी किसान सुबह से शाम तक लाइन में लगे रहते हैं और खाद नहीं मिल पाती है पोस मशीन से यदि पुराना वितरण देखा जाए तो पता चलेगा कि अंगूठा किसी और का लगा है खाद कोई और ले गया ' वही आज खाद की पर्ची पुलिस चौकी इचौली में बनाई गई और फिर खाद सोसाइटी से बांटी गई 'सपा जिला उपाध्यक्ष कुंवर विवेक पाल ने बताया कि सहकारी समिति इचौली में तैनात सचिव अपने ही स्वजातियों को खाद आने के दो दिन पहले ही टोकन दे देते है और नेताओं के घर खाद पहुंचाई जाती है भाजपा सरकार में किसान खाद के लिए बेहाल है सुबह से लेकर शाम तक खाद की लाइन में लगा रहता बाद में निराश होकर शाम को घर चला जाता है

इस संबंध में पिछले वर्ष पहले 21/10/2023 को जनसुनवाई के माध्यम से एक बार शिकायत भी हो चुकी है किसानों का कहना है की ऐसे भ्रष्ट सचिव के रहते नहीं हो सकता इस समस्या का सुधार

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित आफसेट के-450 इंद्रलोक कॉलोनी, पोस्ट मानसनगर, लखनऊ - 226023 उ.प्र. से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रामगांव, बहराइच से प्रकाशित। आरएनआई/टाइटल कोड-UPHIN49594
संपादक-मनीष कुमार सिंह मो.- +91 9984176988 ई-मेल- navyugsamacharindia@gmail.com उप संपादक-मो. इज़हार वारसी, मो. +91 7081640677, प्रबंध संपादक-संजय कुमार त्रिपाठी, मो.- +91 9044973372, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।